हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–153 : जौनपुर, गुरुवार 16 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## निवेशकों की नजर उद्योगों के नए 'उत्तराधिकारी' पर : हो रहे हैं सेवानिवृत्त

लखनऊ ब्यूरो : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता में केंद्रीय भूमिका निभाने वाले अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) अरविंद कुमार इसी महीने रिटायर हो रहे हैं। उनके पास निवेश लाने से लेकर प्रस्तावों को जमीन पर उतारने तक की ऐसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं, जिन्हें कभी कई अफसर अलग–अलग निभाते रहे हैं। ऐसे में निवेशकों की नजर सबसे पहले उनकी मदद में तत्पर रहने वाली नई टीम पर है। राज्य सरकार ने जीआईएस में 33.50 लाख करोड़ के निवेश हासिल किया है। इसमें अरविंद की अहम भूमिका रही। उनके पास अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा एनआरआई जैसे विभागों के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) के साथ ही पिकप के चेयरमैन और यूपीडा व उपशा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की भी जिम्मेदारी है। अमूमन यह जिम्मेदारियां अलग–अलग लोगों के पास रहती हैं। 1988 बैच के आईएएस अधिकारी अरविंद के इस महीने रिटायर होने के बाद ये सभी पद खाली हो जाएंगे। समिट में कई निवेशक सवाल करते नजर आए कि अगला आईआईडीसी कौन होगा? क्या आईआईडीसी सहित सभी जिम्मेदारियां फिर किसी एक ही अफसर को दी जाएगी या अलग–अलग लोगों को काम सौंपे जाएंगे? दरअसल, पिछले वर्षों में ऑनलाइन निवेश मित्र पोर्टल से निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के दावों के बावजूद कई निवेशक अपने प्रस्तावों पर अमल को लेकर अलग–अलग तरह की मुश्किलें साझा करते आए हैं। मगर, सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अरविंद ने फ ीडबैक के आधार पर नीतियों में सुधार, ऑनलाइन निवेश मित्र पोर्टल के अपग्रेडेशन, निवेश सारथी की नई पहल और ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम से निवेशकों का हौसला बढ़ाया। पर, अब जब एमओयू के बाद निवेशकों की अगली प्राथमिकता अपने प्रस्तावों के क्रियान्वयन की है, उनका नौकरशाही से पाला पड़ना तय है। ऐसे में सिस्टम में सुधारों की राह पर बढ़े अरविंद की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी जिम्मेदारी वाले कामों का बंटवारा सरकार किस तरह करती है, निवेशकों के साथ सभी की निगाहें लगी हैं। किस पद की क्या जिम्मेदारी आईआईडीसी : औद्योगिक विकास व निवेश से जुड़े करीब एक दर्जन विभागों से समन्वय का काम। अपर मुख्य सचिव : प्रशासनिक विभाग में प्रस्ताव तैयार कराने से लेकर उसके क्रियान्वयन का पूरा काम। सीईओ यूपीडा : एक्सप्रेसवे निर्माण की कार्ययोजना बनाना व सरकार की अनुमति के बाद निर्माण सुनिश्चित कराना। सीईओ उपशा : राज्य के राजमार्गों के विकास में मुख्य भूमिका। चेयरमैन पिकप: इकाई स्थापना के बाद निवेशकों को



सरकार की नीतियों के अनुसार वित्तीय व अन्य लाभ समय से दिलाने की जिम्मेदारी। कई अफ सरों के नाम चर्चा में 28 फरवरी को अरविंद की सेवानिवृत्ति के बाद आईआईडीसी व अन्य विभागों व संस्थाओं की जिम्मेदारी के लिए 1987 से 1989 बैच तक के आईएएस अफसरों के नामों की चर्चा है। लेकिन इनमें वरिष्ठ संजीव मित्तल, नवनीत सहगल, आराधना शुक्ला और डॉ प्रशांत त्रिवेदी भी फरवरी से अगस्त के बीच रिटायर हो रहे हैं। एसपी गोयल मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव होने से इस दौड़ में नहीं माने जा रहे। अन्य दावेदारों में किसी की आम छवि फाइलों को लटकाने वाले तो किसी की एनजीओ–आउटसोर्स व्यवस्था को आगे बढ़ाने वाले की बनी है। किसी की पहचान बार–बार निवेशकों को बुलाने वाले अफसर के रूप में रही है। कुछ अफसर महत्वपूर्ण पदों पर मौका मिलने के बावजूद पर्दे के पीछे के अपने कार्य व्यवहार से सरकार की पसंद से बाहर हैं। ऐसे में इन महत्वपूर्ण पदों के लिए वरिष्ठ अफसरों में बहुत सीमित विकल्प नजर आ रहे हैं। इन अफसरों में विकल्प बनने की उम्मीद 1987 बैच : महेश कुमार गुप्ता एसीएस ऊर्जा (सेवानिवृत्ति मई 2024), संजीव मित्तल चेयरमैन राजस्व परिषद (सेवानिवृत्ति अगस्त 2023) और हेमंत राव एसीएस सचिवालय प्रशासन (सेवानिवृत्ति फरवरी 2024)। 1988 बैच : डॉ रजनीश दुबे एसीएस दुग्ध विकास एवं पशुपालन (सेवानिवृत्ति अगस्त 2024), नवनीत सहगल एसीएस खेल एवं युवा कल्याण (सेवानिवृत्ति जुलाई 2023) और मनोज कुमार सिंह कृषि उत्पादन आयुक्त व एसीएस पंचायतीराज (सेवानिवृत्ति जुलाई 2025)। 1989 बैच : एसपी गोयल एसीएस मुख्यमंत्री (सेवानिवृत्ति जनवरी 2027), डॉ देवेश चतुर्वेदी एसीएस नियुक्ति एवं कार्मिक व कृषि (सेवानिवृत्ति, फरवरी 2026), मोनिका सहगल गर्ग. एसीएस अल्पसंख्यक कल्याण (सेवानिवृत्ति अप्रैल 2025), आराधना शुक्ला एसीएस आयुष (सेवानिवृत्ति फ रवरी 2023), डॉ. प्रशांत त्रिवेदी एसीएस वित्त एवं वित्त आयुक्त (सेवानिवृत्ति जून 2023), मनोज सिंह एसीएस वन एवं पर्यावरण (सेवानिवृत्ति दिसंबर 2024), अमित मोहन प्रसाद एसीएस सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (सेवानिवृत्ति मार्च 2024), संजय आर भूसरेड्डी एसीएस गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग (सेवानिवृत्ति जून 2023), अनिल कुमार एसीएस होमगार्ड (सेवानिवृत्ति, मई 2026)।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बागपत को पुण्यतिथि पर किया गया याद

बागपत पत्रकार विवेक जैन : जिला पंचायत बागपत की पूर्व अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अभयवीर यादव की माता स्वर्गीय शकुन यादव की तृतीय पुण्य तिथि बालैनी स्थित शकुन शक्ति स्टड फार्म पर मनाई गयी। इस अवसर पर हवन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगो ने शिरकत की और शकुन यादव को श्रद्धासुमन अर्पित किये व शकुन यादव के महान व्यक्तित्व और समाजसेवी कार्यो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हैमर थ्रो की खिलाड़ी तान्या चौधरी को सम्मानित किया गया। अभयवीर यादव ने बताया कि तान्या चौधरी ने हैमर थ्रो में समाजवादी अखिलेश स्पोर्टस एकेडमी – सासा की तरफ से पिछले 2 वर्षो में राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई पदक प्राप्त किये है और वह राष्ट्रीय स्तर पर सासा और प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। तान्या चौधरी के अच्छे व कुशल प्रशिक्षण के लिए उनको 36000 रूपये की धनराशि देकर उसका उत्साहवर्धन किया और उसको सम्मानित किया। अभयवीर यादव ने बताया कि 16 फरवरी 2021 को शकुन यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर शकुन यादव फाउंडेशन नाम से एक संस्था की स्थापना की गयी थी। फाउंडेशन के द्वारा पिछले 3 वर्षों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके कुशल प्रशिक्षण हेतु आर्थिक रूप से मदद की जाती है व सामाजिक क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज के



कल्याण के लिए कार्य किये जाते है। इस संस्था ने कोरोना काल में गरीब लोगों को निशुल्क राशन व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। शकुन यादव फाउंडेशन के अंतर्गत 2021 में बालैनी स्थित ग्राउंड़ पर समाजवादी अखिलेश स्पोर्टस एकेडमी – सासा की स्थापना की गयी, जिसमें जिले से लगभग 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। संस्था द्वारा बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन किया गया और उनके अच्छे प्रशिक्षण के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवायी जा रही है और समय–समय पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का संस्था द्वारा उत्साहवर्धन किया जाता है। शकुन यादव की पुण्यतिथि पर जरूरतमंद लोगों की सहायता की गयी और विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं में दान किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल यादव, नरेंद्र यादव, सपा प्रभारी रामबाबू आर्य, समरपाल चौधरी, निर्देश चौधरी, रमन गुर्जर, भालेन्द्र यादव, लियाकत चौधरी, जितेन्द्र यादव, रविन्द्र यादव, पपीत यादव, रेखा यादव, हरिपाल यादव, काले प्रधान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मीरा भायंदर में बीजेपी को सुपर पावर बनाने के लिए मिलकर करेंगे काम – रवि व्यास

महाराष्ट्र ब्यूरो विपिन गुप्ता : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी के कुशल मार्गदर्शन , जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम सभी मिलकर बीजेपी को मीरा भायंदर में सुपर पावर बनाएंगे। संगठन की ताकत ही बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत है। मीरा भायंदर भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष एडवोकेट रवि व्यास ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। कोई भी व्यक्ति संगठन से बड़ा नहीं है। मीरा भयंदर की प्रबुद्ध जनता भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा के साथ जुड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि संगठन में किसी बात को लेकर मतभेद है तो उसे दूर करने की जिम्मेदारी भी हम सबकी है। हम सब मिलकर मीरा भायंदर में एक नया इतिहास बनाएंगे। सोशल मीडिया की उपयोगिता की चर्चा करते हुए एडवोकेट रवि व्यास ने कहा कि सोशल मीडिया 2024 के चुनाव में महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे करोड़ों मतदाता 18 से 25 वर्ष के हैं। यदि हम सोशल मीडिया से नहीं जुड़े तो इन वोटर्स से नहीं जुड़ पाएंगे । इन वोटर्स से जुड़ना है तो सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना होगा। सोशल मीडिया के नियमों को समझना होगा।




विरोधी पक्ष धीरे–धीरे समझने लगे हैं सोशल मीडिया का गणित और इसलिए वे सोशल मीडिया पर एक नकारात्मक नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की ताकत ऐसी है कि अगर आप सब ठान लें तो हम सोशल मीडिया को इस तरह से कवर करेंगे कि वहां कोई नेगेटिव नैरेटिव न हो हम एक ही नैरेटिव सेट करेंगे, वहां राष्ट्रवाद का नैरेटिव आएगा, वहां विकास का नैरेटिव आएगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी जो कहते हैं वही नैरेटिव उस जगह पर आयेगा और इसलिए हमें सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना होगा। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गीता जैन जिला महामंत्री अजय सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह राजपूत, नीरव मोदी रेणु मल्लाह, काजल सक्सेना समेत सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी बीजेपी मीडिया सहप्रभरी बिपिन गुप्ता ने दी।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## महाशिवरात्रि व होली का पर्व प्रेम व सौहार्द से मनाएं –एसडीएम

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : महाशिवरात्रि व होली के मद्देनजर बल्दीराय थाना व वलीपुर चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें अधिकारियों ने ग्रामीणों से महाशिवरात्रि व होली का पर्व प्रेम व सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की।उप जिलाधिकारी महेंद्र कुमार



श्रीवास्तव ने कहा कि यह क्षेत्र प्रेम व सौहार्द की मिसाल रहा है। लोग दीपावली, ईद, होली पर्व को प्रेम व सौहार्द के साथ मनाते आए हैं।थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कुछ लोग शराब के नशे में धुत होकर अपनी रंजिश निकालते है,जिससे माहौल बिगड़ने का खतरा हो जाता है। उन्हें चिन्हित कर पुलिस को सूचना दें ताकि उनके खिलाफ कठोर कानूनी कानूनी कार्यवाही हो सके। उन्होंने ग्रामीणों से होली पर सहयोग करने की अपील की। बैठक में पारा चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर सोनकर,वलीपुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा, देहली चौकी इंचार्ज हरिश्चंद्र, प्रधान प्रतिनिधि राजेश दूबे, कृष्ण कुमार यादव,रामजी श्रीवास्तव,प्रधान हजारी लाल साहू,प्रधान प्रतिनिधि श्रीपाल पासी,बासुदेव यादव,मोहम्मद असलम,सुरेश प्रजापति, बिंद्रा यादव,प्रदीप पाण्डे, अवधेश दुबे,डॉ जेके श्रीवास्तव, जावेद,मोहर्रम, मोहम्मद नन्दू यादव,आजम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रेलवे विभाग की लापरवाही से दो मालगाड़ियों की आमने सामने टक्कर

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : रेलवे विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर। दो मालगाड़ियों की आमने सामने टक्कर। हादसे में एक



मालगाड़ी का ड्राइवर हुआ घायल। एक मालगाड़ी के करीब आधा दर्जन डिब्बे पटरी से उतरे। लखनऊ–वाराणसी और अयोध्या–प्रयागराज रेलवे ट्रैक हुआ बाधित सुल्तानपुर जंक्शन के दक्षिणी केबिन के पास की घटना।

## नैनो टेक्नोलॉजी के शोध को जनमानस में लाने की जरूरत –सुजीत चौरसिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर का 10 सदस्य प्रतिनिधिमंडल आईक्यूएसी कोआर्डिनटर प्रो. मानस पांडेय के नेतृत्व में चेन्नई के गुरु नानक ऑटोनोमस कॉलेज में मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के अंतर्गत इंटर इंस्टीट्यूशनल अकैडमिक एंड अडमिनिस्ट्रेव क्वालिटी इंप्रूवमेंट कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । इसमें गुरु नानक कॉलेज के एनसीसी, एनएसएस एनवायरमेंट क्लब स्टूडेंट काउंसिल के बच्चों ने स्वागत किया । इसके उपरांत उद्घाटन सत्र में प्रो मानस पांडे ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय के आई क्यू ए सी की उपलब्धियों और अपने विश्वविद्यालय की विशिष्ट कार्यक्षेत्र शोध एवं डिस्टिंक्टिवेनेस के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया । इसके बाद गुरु नानक कॉलेज की प्रिंसिपल एवं वाइस प्रिंसिपल नोडल ऑफिसर डॉ. डॉली सभी प्रकार के उपलब्धियों पर प्रस्तुतीकरण किया । डॉ मनोज पाण्डे ने दोनों संस्थाओं के बीच एमओयू के तहत किये गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत तकनीकी सत्र में पुनीत कुमार धवन के द्वारा नैक क्राइटेरिया एक प्रस्तुतीकरण किया गया। एस एस आर कैसे हमें तैयार करना है, इस पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। तदोपरांत डॉ धर्मेंद्र सिंह द्वारा क्राइटेरिया दो से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई । क्रैटेरिया तीन के लिए प्रो प्रदीप कुमार द्वारा क्रैटेरिया




3 की एस एस आर प्रगति के विषय में गहन चर्चा की । मानस पांडे ने शोध एवं उसकी गुणवत्ता पर चर्चा किया। सुजीत कुमार चौरसिया ने कहा कि नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में संभावनाएं हैं और कैसे हम उसको अपने शोध के द्वारा जनमानस के उपयोग में लाया जाए उस पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रतिनिधिमंडल में प्रो मानस पांडे, प्रो. प्रो प्रदीप कुमार प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ आशुतोष कुमार सिंह, डॉ गिरधर मिश्र, डा.पुनीत धवन आलोक कुमार वर्मा सुजीत कुमार चौरसिया सहित 10 लोग पूर्वांचल विश्वविद्यालय से एवं श्री मनजीत सिंह नायक जनरल सेक्रेटरी गुरु नानक कॉलेज डॉ स्वाति पालीवाल आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर गुरु नानक कॉलेज प्रिंसिपल एमजी रघुनाथन सावित्री स्नातकोत्तर छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## सासंद रवि किशन ने किया रीजनल स्पोर्ट स्टेडियम का निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने बुधवार को सांसद खेल स्पर्धा के कार्यक्रम स्थल रीजनल स्पोर्ट स्टेडियम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने समापन समारोह पर होने वाले तैयारियों का जायजा लिया। गुरुवार को सांसद खेल स्पर्धा का समापन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। सांसद रवि किशन ने कहा कि गुरुवार को सांसद खेल स्पर्धा का समापन होना हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ेगे। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सांसद ने आमजन से अपील की है कि भारी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाये। जिससे खेल भावना का व्यापक स्तर पर सम्मान किया जा सके। देश के भविष्य इन युवा खिलाड़ियों को आपकी उपस्थति से बल मिलेगा। सांसद ने कहा कि इस खेल स्पर्धा का पांचो विधानसभाओं में शानदार प्रदर्शन रहा। सभी विधानसभाओं के जनप्रतिनिधियों ने सराहनीय प्रयास कर इसे सफल बनाया है। विधानसभावार हुए इस कार्यक्रम में



स्थानीय व ग्रामीण खिलाड़ियों को बढ़ावा मिला है। उन्हें एक प्लेट फार्म मिला है खुद को साबित करने का। इस स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ी देश स्तर पर अपनी नई पहचान बना सकते हैं। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है। आज गोल्ड मेडल की संख्या बढ़ी है। देश के खिलाड़ी विदेशों में शानदार प्रदर्शन कर पूरे देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। इसी प्रकार प्रदेश में सीएम योगी के प्रयासों से खिलाड़ियों का भविष्य बेहतर हुआ है। उन्हें खेल के सभी संसाधन आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं।

## शासन और सरकार की मंशा पर लगाया जा रहा पलीता : हरे और फलदार वृक्षों पर चले आरे

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शासन और सरकार की मंशा पर लगाया जा रहा पलीता। हरे और फलदार वृक्षों पर चले आरे। रातों



रात आम, नीम और शीशम के पेड़ों पर चले आरे। सूत्रों की माने तो मात्र कुछ पेड़ों को काटने की वन विभाग द्वारा दी गई थी अनुमति। उसी के आधार पर काट लिये गए करीब 3 दर्जन हरे पेड़। भूमाफियाओं द्वारा प्लाटिंग करने के लिये पेड़ काटने की जताई जा रही आशंका। नगर कोतवाली के बघराजपुर मोहल्ले का मामला।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सर्व का सहयोग लेने के लिए पहले स्वयं सहयोगी बनना पड़ता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# त्रिपुरा : पूर्वोत्तर राज्यों का सबसे अहम चुनाव

भाजपा ने यहां 55 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। सरकार में उसकी सहयोगी इंडीजीनस पीपुल्स पार्टी आफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दूसरी ओर, वामपंथी पार्टियां 47 और उसकी सहयोगी कांग्रेस 13 सीटों पर लड़ रही है। टिपरा मोथा ने 42 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं।

पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के चुनावी इतिहास के सबसे अहम विधानसभा चुनाव की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। विधानसभा की महज 60 सीटें होने के बावजूद इस राज्य ने इस बार जितनी सुर्खियां बटोरी हैं उतनी शायद कभी नहीं बटोरी थी। इसकी प्रमुख वजह है कांग्रेस–वाम गठबंधन और क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा के उभार के कारण भाजपा का सत्ता बचाने के लिए जूझना।

शाही घराने के उत्तराधिकारी प्रद्योत विक्रम देबबर्मन के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन दोनों को कड़ी चुनौती दे रही है। अबकी मुकाबले के तिकोना होने की उम्मीद है। हालांकि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी मैदान में है, लेकिन उसके खास प्रदर्शन की उम्मीद खुद पार्टी के नेताओं को भी नहीं हैं।

बांग्लादेश की सीमा से सटे बांग्लाभाषी बहुल इस राज्य में चुनावी हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय बलों को 25 हजार जवानों के अलावा राज्य पुलिस के भी 31 हजार जवानों को तैनात किया गया है।

राज्य की धनपुर सीट राज्य की सबसे वीआईपी सीट बन गई है। यहां भाजपा ने राज्य की पहली केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक को मैदान में उतारा है और विपक्षी गठबंधन ने कौशिक चंदा को। पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीएम नेता माणिक सरकार लगातार चार बार यहां से जीत चुके हैं। ऐसे में सवाल पूछा जा रहा है कि क्या धानपुर एक बार फिर मुख्यमंत्री को चुनेगा? भाजपा को बहुमत मिलने और भौमिक की जीत की स्थिति में उनको सीएम की कुर्सी सौंपने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। प्रतिमा केंद्र में मंत्री बनने वाली राज्य की पहली महिला हैं।

आंकड़ों के लिहाज से देखें तो भाजपा ने यहां 55 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। सरकार में उसकी सहयोगी इंडीजीनस पीपुल्स पार्टी आफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन दोनों सहयोगियों में एक सीट पर दोस्ताना मुकाबले की संभावना है। दूसरी ओर, वामपंथी पार्टियां 47 और उसकी सहयोगी कांग्रेस 13 सीटों पर लड़ रही है। टिपरा मोथा ने 42 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। भाजपा ने सबसे ज्यादा 12 महिलाओं को टिकट दिया है।

कांग्रेस और वाम मोर्चा साथ

भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए दो चिर प्रतिद्वंदियों यानी कांग्रेस और वाम मोर्चा ने हाथ मिला लिया है और इस गठजोड़ से भगवा खेमे में आशंकाएं भी बढ़ गई हैं। यह गठजोड़ इसमें शामिल दोनों दलों यानी वाममोर्चा और कांग्रेस के लिए समान रूप से अहम है। यहां लंबे अरसे तक राज करने वाली सीपीएम अबकी कांग्रेस को साथ लेकर भाजपा विरोधी वोटों में बिखराव रोकने की कवायद में जुटी है।

दूसरी ओर, कांग्रेस भी यहां वजूद की लड़ाई लड़ रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि महज भाजपा नहीं बल्कि तृणमूल कांग्रेस के विरोध ने भी इन दोनों के एकजुट होने में अहम भूमिका निभाई है। हाल के दिनों में तृणमूल कांग्रेस खासकर त्रिपुरा और मेघालय में कांग्रेस के लिए सबसे बड़े खतरे के तौर पर उभरी है। इन दोनों राज्यों में उसने कांग्रेस का लगभग सफाया कर दिया है।

लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस तालमेल से क्या दोनों दलों के वोटर भी एक साथ हो सकेंगे? करीब सात दशकों से कांग्रेस और वाममोर्चा यहां परस्पर विरोधी रहे हैं। वर्ष 2018 में वाम विरोधी ज्यादातर वोट भगवा खेमे में चले गए थे।

क्षेत्रीय पार्टी ने बनाया मुकाबले को तिकोना

शाही घराने के उत्तराधिकारी प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मन ने मुकाबले को तिकोना बना दिया है। एक ओर, सत्ता में वापसी के जी तोड़ कोशिश कर रही भाजपा है तो दूसरी ओर अबकी सत्ता के सपने देख रहा वाम–कांग्रेस गठबंधन है। लेकिन राजनीतिक हलकों में धारणा बन रही है कि अबकी प्रद्योत की क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा किंगमेकर साबित हो सकती है।

टिपरा मोथा ने राज्य की 60 सीटों में से 42 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। उसने अपने चुनाव घोषणापत्र में राज्य के मूल निवासियों के लिए ग्रेटर टिपरालैंड नामक अलग राज्य का वादा किया है। पार्टी ने आदिवासी परिषद के लिए अलग पुलिस बल गठित करने, 20 हजार नई नौकरियां पैदा करने और हथियार डालने वाले उग्रवादियों के लिए एकमुश्त पैकेज का भी एलान किया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि खासकर अगर बांग्लाभाषी बहुल इलाकों में वाम और कांग्रेस के वोट एकजुट हो गए और आदिवासी इलाकों में टिपरा मोथा ने बेहतर प्रदर्शन किया तो भाजपा के लिए संकट पैदा हो सकता है। आदिवासी इलाकों की 20 सीटों पर टिपरा मोथा वह बेहद मजबूत नजर आती है।

भाजपा भी कांग्रेस–वाम गठबंधन और टिपरा मोथा की ओर से मिल रही चुनौतियों से वाकिफ है। लेकिन उसे अपने काम से ज्यादा विपक्षी वोटों में विभाजन पर भरोसा है। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री समेत कई दिग्गज नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे और विपक्ष पर तीखे हमलों से उसकी चिंता साफ झलकती है। वर्ष 2018 के चुनाव में वाममोर्चा को 42.22 और भाजपा को 43.59 फीसदी वोट मिले थे। कई सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत का अंतर बहुत कम था। कांग्रेस–वाम गठबंधन ऐसी सीटों पर समीकरण गड़बड़ा सकता है। और मतदान से ठीक पहले इसी आशंका ने भाजपा की नींद छीन ली है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## आप धन्य हैं क्योंकि आप जीवित हैं –प्रेम रावत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज जनपद के पदमलापुर गंगाएक्सप्रेसवे के निकट चल रहे विश्व भर में शांति के संदेश का परचम फहराने वाले विश्व शांति दूत एवं प्रख्यात वक्ता प्रेम रावत ने वीडियो के माध्यम से शांति संदेश देते हुए कहा लोग भूल जाते हैं कि हमारे हृदय की ख्वाहिश क्या है वह चीज जो आपके चेहरे पर आज मुस्कान लाती है वह चीज जो आपको हर दिन प्रेरित करती है कि आप अपना जीवन सफल करो उस चीज को पहचानो उस चीज को अपने जीवन में आने दो उस शांति को अपने जीवन में आनें दो जब तक नहीं आने देंगे तब तक आप क्या है? और आप की संभावना क्या है? आपको पता नहीं लगेगा आप नहीं जान सकेंगे कि आप क्या हैं। शांतिदूत ने कहा जिस शक्ति ने सारे संसार की रचना की है आपको उसी शक्ति ने बनाया है लोग समझते हैं कि शांति पाने के लिए कुछ छोड़ना पड़ेगा नहीं ऐसी बात नहीं है इस दुनिया के अंदर रह करके इस समाज के अंदर रहकर के आप शांति का अनुभव कर सकते हैं ऐसी है शांति क्योंकि यह आपकी निजी बात है आपके अंदर की बात है अगर कहीं से अंधेरा निकालना है तो वहां ज्योति की जरूरत है प्रकाश की जरूरत है आपको अपने जीवन के अंदर जो कुछ भी करना है। कीजिए अपने अंदर की प्यास को भी जरूर बुझाइए किसी चीज को छोड़ने की जरूरत नहीं है त्यागने की जरूरत नहीं है आप जो भी हैं आप धन्य हैं क्योंकि आप जीवित हैं । इस कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले स्वामी दयाल कुशवाहा ने बताया की शांति दूत के दिए गए विभिन्न





शांति संदेशों का वीडियो प्रदर्शन कार्यक्रम 17 फरवरी तक समय प्रतिदिन 12:00 से 2:00 बजे तक चलाया जाता है इसके अलावा यदि आप और अधिक जानना चाहते हैं तो अपने घर में बैठकर टाइमलेस टुडे को मोबाइल में डाउनलोड करके उनके शांति संदेश को सुन व देख सकता है अधिक जानकारी के लिए गूगल पर प्रेम रावत डाट काम सर्च कर शांति वक्ता और उनके शांति संदेश के बारे में जानकारी कर सकते हैं। प्रेम रावत ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर भी आप उनके संदेश को सुन व देख सकते हैं इस,मौके पर आर्येन्द्र कुशवाहा, लालजीत, छंगेलाल, दिव्यांका, रामनरेश, राममुरारी, शिवाधार, शांति, सचिन स्वर्णकार, रामबाबू ,ब्रजराज कुशवाहा, वीरसिंह, राधेश्याम, अनीता देवी रणवीर राजपूत कविता, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद ।

## संत राजूदास लखनऊ में दर्ज कराएंगे मुकदमा : स्वामी प्रसाद ने कहा रची जा रही मेरी हत्या की साजिश

लखनऊ ब्यूरो : स्वामी प्रसाद मौर्य और संत राजूदास के विवाद के मामले पर संत राजूदास ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वह लखनऊ में अपना केस दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि सीएम योगी से मुलाकात कर स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। हनुमान गढ़ी के संत राजू दास ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य सनातन संस्कृति संत और रामचरितमानस को गाली दे रहे हैं। यह निंदनीय है। स्वामी प्रसाद मौर्य धर्म को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मेरे पहुंचते ही स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा आ गया भगवा आतंकी पकड़ो और मारो राजू दास को, कर दो हत्या। स्वामी प्रसाद ने कहा सनातनी समाज में विष घोलने का काम करते हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य के पीछे आतंकी फंडिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि कौन किससे अभद्रता कर रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराऊंगा। मेरी हत्या के लिए सुपारी दी जा रही : स्वामी



प्रसाद मौर्य पूर्व मंत्री सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा है कि एक वर्ग विशेष के लोग मेरी हत्या की सुपारी दे रहे हैं। साधु के भेष में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग साजिश रच रहे हैं। भाजपा सरकार मेरी हत्या कराना चाहती। मेरे नाम की सुपारी दी जा रही। सरकार मौन। मैंने महिलाओं, दलितों आदिवासियों की बात उठाई। मैंने अपनी सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को भी पत्र भेजा है। मालूम हो कि बुधवार को एक टीवी चौनल की डिबेट के दौरान अयोध्या के पुजारी राजू दास और स्वामी प्रसाद मौर्य एवं उनके समर्थकों के बीच मारपीट हो गई थी।

## बेकाबू कार डिवाइडर से टकराकर 50 मीटर दूर खाई में गिरी : चालक की हुई मौत

गोरखपुर ब्यूरो : सिद्धार्थनगर जिले में सदर थाना क्षेत्र के बांसी–बर्डपुर मार्ग पर स्थित जमुआर नाला के पास बुधवार देर रात एक बेकाबू कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए खाई जाकर गिरी। हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण हुआ है कि कार 50 मीटर दूर जाकर गिरी और उसका जर्रा– जर्रा तबाह हो और 50 मीटर दूर जाकर गिरी है। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के भीमापार गांव निवासी भगवानदास (26) पुत्र बाबूलाल मधुकरपुर गांव निवासी एक व्यक्ति का गाड़ी कभी कभार चलाता और दिन में गाड़ी धुलाई का कार्य अपने घर सामने ही करता था। बताया जा रहा है कि बुधवार को गाड़ी मलिक के किसी रिश्तेदार की बांसी– बर्डपुर मार्ग से सटे एक होटल में शादी थी। वह रात लगभग डेढ़ बजे कुछ लोगों को गाड़ी से मधुकरपुर गांव में छोडने गया था। लौटकर फिर कार्यक्रम स्थल पर जा रहा था, अभी जमुआर नाला के पहले एनएच के पुल के पास पहुंचा था कि कार बेकाबू हो गई और छलांग लगाते हुए लगभग 50 मीटर दूर खाई में जाकर गिरी। तेज आवास सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार बाहर गिरे भगवानदास को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिवार के लोगों को सूचना देकर बुलाया और फिर लाश का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में शहर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंच गए थे। रात में ही लिखापढ़ी करके शव को



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, मामले की जांच की जा रही है। घर पांच सौ मीटर दूर हुआ हादसा भगवानदास की जहां मौत हुई है, घटना स्थल से उसके घर से महज पांच सौ मीटर दूरी पर है। जहां पर पूरा परिवार रहता है। लेकिन हादसा होने के काफी समय बाद जब पुलिस ने सूचना दिया कि यहां हादसा हुआ और भगवानदास की मौत हो गई तो उनकों जानकारी हुई। इससे लोग हैरत में पड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही सभी लोग रात में ही जिला अस्पताल पहुंचे। दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया मृतक भगवान दास स्वभाव से बड़ा अच्छा था, ऐसा घर पहुंचने वाले हर व्यक्ति की जुबान था। लोगों को कहना था कि वह बहुत ही मेहनती थी। दिनभर गाड़ी धुनाई का कार्य करता था, जैसे ही कोई गाड़ी से कहीं जाने की बात करता था, उसके साथ चला जाता था। जिससे कुछ रुपये की आमदनी हो जाए। तीन भाईयों में वह सबसे छोटा था, जिसकी मौत की खबर में सबको झकझोर दिया। वहीं, मौत के बाद मां पुष्पा को रोता हुआ देख पांच वर्षीय पुत्र प्रिंस रह रहकर रो रहा था। जबकि चार वर्षीय दिव्या घर पर महिलाओं की भीड़ और मां को रोता हुआ देखकर समझ ही नहीं पा रही थी क्या हुआ। वहीं मौत के बाद बड़े भाई रामधनी और मझले भाई रामदास रह रहकर फफक कर रो पड़ते थे। घर पहुंचने वाले हर व्यक्ति की आंख नम हो जा रही थीं, उनका कहना था कि दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

## भाजपा ने अप्रैल में निकाय चुनाव मानकर शुरू की तैयारियां : प्रदेश टीम की घोषणा जल्द

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने आगामी अप्रैल महीने में निकाय चुनाव प्रस्तावित मानकर चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने 98 संगठनात्मक जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों को प्रदेश पदाधिकारियों को बूथ से लेकर विधानसभा क्षेत्रों तक में चुनाव की तैयारी का एजेंडा सौंपा है। फरवरी, मार्च में प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रसारण कराया जाएगा। सफाई की समस्या के समाधान के लिए पार्टी की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसमें सांसद, विधायक, एमएलसी के साथ अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। जनता को जोड़ने के लिए वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। पार्टी अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों के जरिये भी जनता के बीच पहुंचकर मोदी–योगी सरकार की उपलब्धियों और निकायों में बीते पांच वर्ष में हुए कार्य को बताएगी। बदल जाएगा आरक्षण पार्टी की ओर से जिलाध्यक्षों को संकेत दिए गए हैं कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बाद अब कई निकायों में दिसंबर में घोषित आरक्षण बदल सकता है। नए आरक्षण के लिहाज से प्रत्याशी चयन से लेकर सामाजिक समीकरण साधने की तैयारी शुरू की जाएगी। भाजपा की प्रदेश टीम की घोषणा जल्द भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौध





ारी की नई टीम की घोषणा जल्द होगी। नई टीम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की ओर से तैयार पैनल पर दिल्ली में भी बातचीत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक महामंत्री और उपाध्यक्ष पद को लेकर कुछ नामों पर पेंच फंसा है। केंद्र से हरी झंडी मिलते ही नई टीम घोषित कर दी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी पहले ही कह चुके हैं कि उनकी नई टीम में महामंत्री, उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री स्तर पर कुछ बदलाव होंगे। सूत्रों का कहना है कि पार्टी के नए जिलाध्यक्षों की घोषणा अब निकाय चुनाव के बाद करने पर विचार हो रहा है, ताकि चुनाव के दौरान जिलों में विवाद या असंतोष की स्थिति न बने।

## गोरखपुर में हाथी का आतंक : यज्ञ के दौरान दो महिलाओं समेत तीन को रौंदा : 2 की मौत

गोरखपुर : (पत्रकार रवि कुमार रिपोर्टर खजनी) घटना गुरुवार की है। यज्ञ के दौरान हाथी ने दो महिलाओं समेत तीन लोगों को कुचल दिघ्या। जिससे दो की मौत हो गई। एक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाथी की तलाश में पुलिस फोर्स व वन विभाग की टीमें लगी हैं। गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां चिलुआताल थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर माफी गांव में गुरुवार को यज्ञ के दौरान सनकी हाथी ने आतंक मचा दिया है। इस दौरान हाथी ने दो महिलाओं समेत तीन को कुचल दिया। जिससे दो महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल हो गया। ग्रामीण दहशत में हैं। मातम में बदली खुशी जगतबेला में यज्ञ का आयोजन चल रहा था। चारों तरफ उत्सव का माहौल था। सभी लोग पूजन–अर्चन के साथ ही गाने–बजाने में व्यस्त थे। इसी दैरान अचानक हाथी के आतंक से पूरा माहौल गमगीन हो गया।



हाथी के हमले में तीन लोगों के जान गंवाने की सूचना है, जबकि कई लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। हाथी गीडा की तरफ भाग गई है। वन विभाग और थानों की फोर्स हाथी को कब्जे में करने के लिए लगी हुई है। इनकी हुई मौत सनकी हाथी के कुचलने से कौशल्या देवी पत्नी दिलीप मद्धेशिया उम्र 50 वर्ष और कांति देवी पत्नी शंकर उपाध्याय उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई। एक दिलीप नाम का लड़का जो गांव में अपने ननिहाल आया था उसे भी हाथी ने रौंद दिया है। उसकी हालत गंभीर है।

## आई0आई0एल0एम0 लखनऊ द्वारा मनाया गया ''अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आई0आई0एल0एम0 एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग, गोमती नगर, लखनऊ के द्वारा ''अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023'' मनाया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पिछले माह पोस्टर कम्पटीशन का आयोजन हुआ था एवं इसको आगे बढ़ाते हुए आज दिनांक 16.02.2023 को संस्थान से एक बाइकाथॉन रैली का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के छात्र–छात्राओं ने अपने हाथ में तख्ती लिये हुए आई0आई0एल0एम0, लखनऊ से दयाल पैराडाइज पत्रकारपुरम्, सीएमएस गोमती नगर होते हुए समिट बिल्डिंग और वापस आई0आई0एल0एम0 लखनऊ आये। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 विभूति गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, आई0आई0एल0एम0, लखनऊ ने कहा कि इस रैली के माध्यम से लोगों में मिलेट्स का ज्यादा से



ज्यादा उपयोग करने का सन्देश दिया गया क्योंकि वे स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने बाइकाथॉन रैली के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## गन्ने के खेत में मिला तीन दिन पूर्व गायब व्यक्ति का शव

कुशीनगर ब्यूरो : कुशीनगर जिले में तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खिरिया में गांव से करीब 200 मीटर पूरब बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे एक गन्ने के खेत में संदिग्धा परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मृतक की पहचान तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मछरिया बसंत भारती के नौगांवा टोला निवासी हरि मद्धेशिया के बेटे मुन्ना मद्धेशिया (50) हुई। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, मुन्ना मद्धेशिया करीब चार वर्षों से सऊदी के ओमान में काम करते थे। मृतक के पुत्र आनंद के अनुसार 10 फरवरी को ही वह गांव लौटे थे। 13 फरवरी को सुबह करीब आठ बजे तुर्कपट्टी इंटर कॉलेज के पास स्थित अपने बड़े पुत्र आनंद की दुकान से घर के लिए निकले और घर नहीं पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद मंगलवार, 14 फरवरी को परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी। इसके बाद पुलिस मामला पंजीकृत करके जांच में जुटी थी। बृहस्पतिवार को लगभग 11 बजे खिरिया



निवासी अवध किशोर सिंह के खेत में गन्ना काटा जा रहा था। इसी बीच लोगों ने एक शव देखा तो शोर मचाया। मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मृतक का गला करीब दो इंच गहराई तक कटा है और दाहिने हाथ में सब्जी काटने वाला एक चाकू भी मिला है। मृतक के पुत्र के अनुसार, उनके पिता का किसी से कोई विवाद नहीं था। लेकिन गले पर कटे का निशान और खून से सने कपड़े किसी दूसरे तरफ इशारा करते हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। तथ्यों की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा प्रा0वि0 ताहिरपुर सिकरारा में जन चौपाल का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर, सिकरारा में जन चौपाल का आयोजन करते हुए शासन की मंशा अनुरूप आम जनमानस की समस्याओं को सुना और शासन/प्रशासन द्वारा आम जनमानस के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को (मनरेगा, पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड आदि) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से समाज के सभी वर्ग के लिए प्रमुख योजनाएं शुरू की गई है जिसका लाभ पात्र लाभार्थियों को प्राप्त हो रहा है। मा० राज्यमंत्री जी द्वारा चौपाल में उपस्थित समस्त अधिकारीगण को निर्देशित किया कि अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को अवश्य उपलब्ध कराएं और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में उपस्थित बच्चों से मुलाकात करते हुए कक्षा 1 के छात्र से माननीय मुख्यमंत्री जी का नाम सहित अन्य प्रश्न पूछा गया और डिस्कवरी लैब में कक्षा 4 और 5 के बच्चों से विज्ञान सहित अन्य विषयों के महत्पूर्ण प्रश्न पूछे जिसका बच्चो ने सकारात्मक जवाब दिया जिस पर मा० मंत्री जी ने बच्चों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान माननीय राज्यमंत्री जी द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और सरोज, प्रीति, नगीना यादव की गोदभराई की





और बच्चो (अनिरुद्ध मिश्रा और मानसी) का अन्नप्राशन कराते हुए आशीर्वाद दिया। इस दौरान मा० मंत्री जी द्वारा आंगनबाड़ी द्वारा बनाए गए भोज्य पदार्थों को चखा और प्रभारी सी०डी०पी०ओ० नाहिद खान सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि आगनबाडी द्वारा 06 माह तक के बच्चो को दी जाने वाली दलिया, चने की दाल, चावल आदि का वितरण किया जा रहा है। चौपाल में एम०एल०सी० बृजेश सिंह (प्रिंशु), भाजपा अध्यक्ष जौनपुर पुष्पराज सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर माज अख्तर, पी०डी० जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर०डी० यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सत्यम हॉस्पिटल : फरार डॉ. सुनील पर 20 हजार रुपये का इनाम : तलाश में जुटी गोरखपुर पुलिस

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके में स्थित सत्यम हॉस्पिटल में गर्भवती की मौत मामले में दर्ज केस में फरार चल रहे डॉ. सुनील कुमार सरोज की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। दरअसल, डॉ. सुनील की डिग्री का इस्तेमाल करके ही फर्जी डॉक्टर सत्यम हॉस्पिटल संचालित कर रहे थे। कई बार नोटिस देने के बाद भी नहीं आने पर अब एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित कर दिया है। आरोपी डॉक्टर की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। आरोपी डॉ. सुनील जौनपुर जिले के मछलीशहर इलाके के इन्हासा के मूल निवासी है। जानकारी के मुताबिक, तीन जनवरी को सोनावत नाम की गर्भवती की सत्यम हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने केस दर्ज कर अप्रिशिक्षित डॉक्टर रंजीत निषाद, उसके पिता व संचालक सुभाष समेत अन्य पर केस दर्ज किया था। पुलिस कथित नर्स गीता, रंजीत और सुभाष को जेल



भिजवा चुकी है, लेकिन सुनील अभी फरार चल रहे हैं। उनकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। यह है मामला सत्यम हॉस्पिटल में तीन जनवरी को जैनपुर टोला काजीपुर निवासी रामवदन की गर्भवती पत्नी सोनावत की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस रामवदन की तहरीर पर रंजीत निषाद के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। मामले में रंजीत और कथित नर्स गीता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है। पुलिस ने मामले में दूसरा केस एसीएमओ डॉ. एके सिंह की तहरीर पर डॉ. सुनील कुमार सरोज व संचालक सुभाष निषाद के खिलाफ दर्ज किया है। सुभाष को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, लेकिन डॉक्टर फरार है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि फरार डॉ. सुनील सरोज पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। पुलिस को निर्देशित किया गया है कि जल्द गिरफ्तारी की जाए।

# दुल्हन पर तेजाब फेंकने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार : टूट गई थी शादी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के तिवारीपुर इलाके में दुल्हन पर तेजाब फेंकने और दूल्हे को जान से मारने की धमकी देकर शादी तोड़वाने के आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान तिवारीपुर इलाके के घोषीपुर निवासी मोहम्मद हारिश के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपी के बारे में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि शहर के तिवारीपुर की रहने वाली दुल्हन की पिता ने केस दर्ज कराया था। आरोप है कि युवती की शादी शहर के ही घोषीपुर के रहने वाले एक परिवार में तय हुई थी। शादी 11 फरवरी को निकाह घर से होनी थी। सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। शादी का कार्ड बंट गया था। रिश्तेदार और मेहमान भी पहुंच चुके थे। शादी के पहले की कई रस्में भी अदा हो चुकी थी। लेकिन, इस बीच शादी के दिन अचानक मोहम्मद हारिश पुत्र मोहम्मद ताहिर नाम के युवक का फोन आया। उसने फोन कर धमकी देते हुए कहा कि अगर शादी हुई तो दुल्हन के चेहरे पर तेजाब फेंक दूंगा। सिरफिरे की इस बात को सुनकर घर वाले घबरा गए। उन्होंने दुल्हन से बात की तो उसने बताया कि वह हारिश को जानती भी नहीं है। शादी टूटने पर एक रिश्तेदार ने शादी कर ली थी। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# गोरखपुर विश्वविद्यालय की बड़ी लापरवाही : बी.एड की परीक्षा का दिन भूल गए अधिकारी : छात्रों ने किया हंगामा

गोरखपुर ब्यूरो : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। सुबह नौ बजे से शुरू होने वाली परीक्षा साढ़े नौ बजे से शुरू हुई। यह भी तब संभव हुआ है, जब छात्रों ने हंगामा करना शुरू किया। बताया जा रहा है कि शिक्षा संकाय भवन में विश्वविद्यालय सहित पांच कॉलेजों का सेंटर बनाया गया था। जिसमें नौ बजे से 600 बच्चे परीक्षा देने वाले थे। सुबह सेंटर पर पहुंचने पर भवन में ताला लटका मिला। नौ बजे तक कोई शिक्षक या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था। यह देखकर छात्र आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। हंगामें की जानकारी होने पर शिक्षक व संकाय भवन के अध्यक्ष पहुंचे और ताला खोलकर परीक्षा शुरू कराई गई। वहीं सेंट एंड्रयूज कॉलेज के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अचानक स्थगित



करने से छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया है। एमजी कॉलेज से जाकर छात्रों ने कुलपति के आवास का घेराव किया है।

## शार्ट शर्किट से लगी आग : गृहस्थी जल कर खाक



सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : घटना कुड़वार बाजार की हैं जहां पर कस्बे में स्थित अन्नतराम चौरसिया का घर है। अचानक घर में आग लग गयी। घर वाले जब तक कुछ समझ पाते तब तक घर का सारा सामान जल कर रवाक हो गया। आग लगने की सूचना फायर सर्विस को दिया गया। मौके पर दम कल कर्मी पहुंच कर आग पर काबू पाया। गनीमत की बात रही कि घटना में कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

# जिला पंचायत बोर्ड की बैठक संपन्न

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में गूंजा धनपतगंज के पूरे मधुकरा प्राथमिक विद्यालय ध्वस्तीकरण के बावजूद



लाखों की फर्जी भुगतान का मामला। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी की तरफ से कराई गई जांच व कार्रवाई पर जनप्रतिनिधि हुए मुखर। सदन को झूठी जांच रिपोर्ट बताने पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने लगाई बेसिक शिक्षा विभाग के उपस्थित कर्मी को फटकार। धनपतगंज विकास खंड के पूरे मधुरकरा गांव के प्राथमिक विद्यालय का मामला। विधायक राजबाबू ने दिया सख्त कार्रवाई कर रिपोर्ट करने का निर्देश।

# आज भी जारी रहा सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह का अभियान

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह का अभियान आज भी जारी रहा। इस दौरान उन्होंने पहले तो कृषि विज्ञान केंद्र स्थित कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन के जरिये लोगों से मुलाकात की। उनकी फरियाद सुनी साथ ही समस्यायों के निस्तारण के लिये संबंधित लोगों से वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिए। यहां के बाद विधायक विनोद सिंह क्षेत्रभ्रमण के लिए रवाना हुये और लोगों से मुलाकात कर हाल चाल लिया। शुरुवात पुरखीपुर गांव से हुई जहां बबलू मिश्रा के यहां तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हो परिवार वालों को बधाइयाँ दी। यहां के बाद वे बैसिया मीरदासपुर गांव पहुंचे और भाजपा नेता सुशील वर्मा की बहन की शादी में शामिल हुये और अपनी शुभकामनायें दी। इसके बाद विधायक विनोद सिंह कोहड़ा गांव में राम शिरोमणि शर्मा के यहां लड़की की शादी में शामिल हुये और बधाइयाँ दी। वहीं यहां के बाद वे इशहाकपुर गांव पहुंचे और घनश्याम तिवाड़ी के यहां लड़की की शादी में शामिल हो बधाइयाँ दी। इसके बाद पूर्व मंत्री गोसाईंगंज बाजार में अजय जायसवाल उर्फ पप्पू के यहां लड़की की शादी में सम्मिलित हो शुभकामनायें दी। यहां के बाद पूर्व मंत्री हयातनगर गांव में कमला प्रसाद शर्मा के यहां लड़की की शादी में शामिल हुये और बधाइयाँ दी। इसके साथ ही वे इसी गांव के लालजी शर्मा के पिता दुर्गा प्रसास शर्मा के देहांत पर परिवार वालों ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर सम्भव मदद के लिये आश्वश्त किया। इसके साथ ही विधायक विनोद सिंह गांव के हरिशंकर शर्मा के वरीक्षा कार्यक्रम में शामिल हुये और परिजनों को बधाइयाँ दी।

## जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा यू०पी० बोर्ड परीक्षा-2023 का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के साथ आज से शुरू हुई यू०पी० बोर्ड परीक्षा-2023 का विभिन्न



कॉलेजो में जा कर निरीक्षण किया। उन्होंने टी०डी० इंटर कॉलेज, बी०आर०पी० इंटर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि ड्यूटी लगाए गए सभी कार्मिको के गले मे आई कार्ड जरूर होना चाहिए, उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी०सी०टी०वी० रूम में जा कर देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## 17 फरवरी 2023 को विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर में रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 17 फरवरी 2023 को प्रातः 10:00 बजे विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर परिसर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें 06 कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण 400 पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का कैम्पस सलेक्शन किया जायेंगा, जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी प्रूफ सहित प्रतिभाग कर सकते, एवं वेब पोर्टल- www.sewayojan.up.nic.in के माध्यम से भी जनपद के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# कालेज प्रशासन फेल : दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़ी गई फर्जी छात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रशाशन के नकल विहीन व शांतिपूर्ण सुचितापूर्ण परीक्षा करने के दावे को परीक्षा के पहले ही दिन नकलचियों ने जिला प्रशाशन को चुनौती दे डाला है। रामपुर थाना क्षेत्र के राम जानकी इंटर कॉलेज जमालपुर में अपनी बड़ी बहन की जगह परीक्षा दे रही एक छात्रा गिरफ्तार कर ली गई ,हैरत बात है कि इस जालसाजी को कॉलज प्रशासन पकड़े में नाकामयाब रहा। ग्रामीणों की इनपुट पर इसका खुलासा हो सका है। गुरुवार की सुबह यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गई पहले दिन हाई स्कूल का हिंदी का पेपर था। राम जानकी दिनकर इंटर कॉलेज जमालापुर में अपनी चचेरी बहन की जगह परीक्षा दे रही श्रेया प्रजापति को ग्रामीणों की सूचना पर कॉलेज प्रशासन ने पकड़कर f.i.r. दर्ज कराया गया। केंद्र व्यवस्थापक सूर्यभान सिंह ने बताया कि हाई स्कूल की छात्रा नन्दनी प्रजापति की जगह उसकी चचेरी बहन श्रेया प्रजापति परीक्षा दे रही थी , पूछताछ पर उसने बताया कि ग्राम प्रधान चंदू प्रजापति के कहने पर वह परीक्षा दे रही थी , प्रधानों ने उसे पूरा भरोसा दिलाया था कि कोई कार्यवाही नहीं होगी जिसके कारण उसने यह गलत कदम उठाया ।कॉलेज प्रशासन नकल को रोकने के लिए और फर्जी परीक्षार्थियों को चेक करने के लिए गेट पर 10 टीचरों की टीम लगाई गई थी , लेकिन आधार कार्ड और प्रवेश पत्र पर लगी फोटो स्पष्ट न होने के कारण वह पकड़ी नहीं जा सकिये ग्रामीणों



सूचना पर चेक किया गया तो यह छात्रा फर्जी निकली।

# पार्टी को मजबूत करने हेतु पार्टी को आत्मसात करना होगा तभी हम संगठन के हित में चिंतन कर सकते हैं -दिनेश प्रताप सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में जिला कार्यालय शीहीपुर जौनपुर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह रहें। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह और विधायक गण रमेश मिश्रा, रमेश सिंह, आर के पटेल, विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर और बृजेश सिंह प्रिंशु ने सयुक्त रूप से पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके उपरांत मुख्य अतिथि को जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण पूर्व प्रदेश महामंत्री, पूर्व सांसद और वर्तमान में विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर ने की। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी ने गरीब, किसान और मजदूरों के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिसका उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। प्रदेश में योगी सरकार से पहले गुंडाराज कायम था, जिसको अब खत्म किया गया है। माफियाओं को जेल पहुंचाकर उनकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई हो रही है। कार्यकर्ताओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मसात करना होगा तभी हम संगठन के हित में चिंतन कर सकते हैं और यही चिंतन के कारण ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के स्वर्णिम साढ़े आठ साल पूरे हो गये हैं और ये साढ़े आठ साल देश के लिए बेमिसाल रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के इस उपलब्धि को चर्चा के माध्यम से घर घर पहुंचाने का आह्वान किया। मोदी के शासन काल ने देश के लोगों में एक विश्वास जगाया है कि मोदी हैं, तो मुमकिन है, देश झुकेगा नहीं। आये हुये अतिथियों का स्वागत करते हुये जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति विगत आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लक्ष्य आधारित जो कार्य किया है। उससे देश आज प्रगति और सम्मान के साथ साथ जीवन




समृद्धि के प्रत्येक क्षेत्र मे लगातार तीव्र गति से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे भाजपा ने पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर 2022 के चुनाव मे संगठन और कार्यकर्ताओं के लक्ष्य प्रयास से एक बार पुनः पूर्ण बहूमत की सरकार बनी है। और आप लोगो के सहयोग से आने वाले निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव को भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगे। आभार व्यक्त करते हुये जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल ने कहा कि सतत कानून व्यवस्था की बात हो अपराधमुक्त प्रदेश की बात हो एक जिला एक उत्पाद की बात हो इसको लेकर इन्वेस्टर्स का कार्यक्रम मोदी जी के प्रेरणा से हर जिले मे हो रहा है, जिससे रोजगार बढेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव मे एक बार पुनः देश मे भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, ई अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, अजय सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव, मेहीलाल गौतम, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, सन्तोष सिंह, संदीप सरोज, बृजेश सिंह, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, जिला मंत्री रवींद्र सिंह राजू दादा, उमाशंकर सिंह, अभय राय, प्रमोद यादव, अवधेश यादव, विजय लक्ष्मी साहू, जयेश सिंह, महेंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश सिंह, विपिन द्विवेदी, महिला आयोग के सदस्य शशि मौर्य, अंजना श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख गण सुनील यादव मम्मन, विनय सिंह, धीरू सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम सिंह मौर्य, पूर्व जिला मंत्री भूपेंद्र सिंह, डीसीएफ चेयरमैन धनन्जय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, सिंद्धार्थ राय, रोहन सिंह, विनीत शुक्ला, शिवम पाल, मोर्चा के जिलाध्यक्ष गण नरेन्द्र उपाध्याय, अनिल गुप्ता, अजय सरोज, मेराज हैदर, प्रमोद प्रजापति, नीरज मौर्य, श्रीकृष्ण पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह,मण्डल प्रभारी गण, मण्डल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा, विनोद मौर्या, बलवीर गौड़, लवकुश सिंह, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्रा, अजय मिश्रा, भूपेश सिंह, शैलेश सिंह, सनी सिंह, विवेक शर्मा, संतोष गुप्ता, के पी मिश्रा, रामसमुझ निषाद, अम्बरीष सिंह मनोज जायसवाल, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एक्सईएन पर कूटरचित बिजली बिल तैयार करने का आरोप

गोरखपुर ब्यूरो : बिजली निगम ग्रामीण खंड चौरीचौरा के अधिशासी अभियंता पर कूटरचित बिजली बिल बनाकर उपभोक्ता को परेशान करने का आरोप लगा है। ये आरोप उनकी बलिया जिले में अधिशासी अभियंता पद पर तैनाती के दौरान लगा। आरोप है कि बलिया में कमलावती सिंह, निदेशक स्वामिनी होटल के परिसर पर ततकालीन अधिशासी अभियंता द्वारा मनमाने तरीके से बिजली बिल देकर उनका उत्पीड़न किया गया। सौभाग्य योजना के अधीक्षण अभियंता सुशील अहमद ने अधिशासी अभियंता मनीष झा से स्पष्टीकरण तलब किया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, चौरीचौरा खंड के अधिशासी अभियंता मनीष झा इसके पहले बलिया खंड द्वितीय में इसी पद पर थे। सुशील अग्रवाल ने जो स्पष्टीकरण तलब किया है उसके मुताबिक, विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से संज्ञान में आया है कि उपभोक्ता पर अनियमित बकाया की पुष्टि की जा सके। इसके लिए अधिशासी अभियंता ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर परिसर में स्थापित 25 सितंबर 2017 को लगाए बिजली मीटर से कूटरचित बिल का दस्तावेज तैयार किया ।ऐसा इसलिए किया गया कि उपभोक्ता का पक्ष कमजोर किया जा सके। ये कृत्य उपभोक्ता को परेशान करने के साथ अपने उच्चाधिकारियों को गुमराह करने का भी है। जांच संबंधी उपलब्ध कराए गए उपभोक्ता के सीलिंग प्रमाण पत्र भी जारी किया गया था। ऐसे में एक ही परिसर पर उपभोक्ता को दो सीलिंग



सर्टिफिकेट से बिजली बिल बनाया गया। स्पष्टीकरण में पूछा गया है कि आखिर किस कारण से उपभोक्ता का दो सीलिंग सर्टिफिकेट बनाया गया। इसकी प्रतिलिपी उन्होंने एमडी कार्मिक और मुख्य अभियंता को भी भेजी है। निदेशक कार्मिक शेष बघेल ने बताया कि मामले में उपभोक्ता की तरफ से आरोप लगाया गया था। मामले का संज्ञान लेकर स्पष्टीकरण के लिए अधिशासी अभियंता चौरीचौरा से जवाब मांगा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद अयोध्या में एसएसपी डीआईजी ने मेडल पहनाकर शूटिंग के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या जिले के दो डिप्टी एसपी सम्मानित, भवदीय शूटिंग रेंज अयोध्या के 13 खिलाड़ी बनारस बीएचयू 5जी नेशनल मास्टर गेम में अयोध्या शूटिंग रेंज के अध्यक्ष एवं मंडल कोच शनि वर्मा के नेतृत्व में खेलने गए थे जिसमें डॉ राजेश तिवारी सीओ सदर को सिल्वर मेडल , आशुतोष मिश्रा सी ओ मिल्कीपुर को सिल्वर मेडल, अवधेश वर्मा प्रबंधक भवदीय ग्रुप सिल्वर मेडल, डॉक्टर डीआर भुवन एक सिल्वर एक ब्रांच मेडल , एसआई अजीत पासवान ब्राउज मेडल, डॉ महेंद्र सिंह विष्णु सिल्वर ब्राउज मेडल, विजय राय गवर्नमेंट कांट्रेक्टर सिल्वर मेडल, शालिनी राय सिल्वर मेडल, जैनुल खान ब्राउनज मेडल प्राप्त हुए है खिलाड़ियों के अयोध्या आने पर अयोध्या एसएसपी/डीआईजी मुनिराज जी ने सभी खिलाड़ियों को अपने कार्यालय में बुलाकर अपने हाथों से मेडल पहनाकर किया सम्मानित वही मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची डिप्टी रजिस्टर बंदना



सिंह का डॉ राजेश तिवारी एवम शनि कुमार वर्मा जी ने बुके देकर स्वागत किया वही एसएसपी/डीआईजी जी ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवम ये भी कहा की ये अयोध्या के गौरव की बात है की शनि वर्मा जी यहां एक अच्छी ट्रेनिंग दे रहे है ये अयोध्या वासियों के लिए बहुत ही गौरव की बात है।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का पलटवार कहा स्वामी प्रसाद के डायरेक्टर हैं अखिलेश यादव


प्रयागराज ब्यूरो : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। कहा कि सही मायने में सपा का नाम समाजवादी नहीं, बल्कि साजिशवादी पार्टी है। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के रामचरित मानस पर दिए गए बयान पर कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने अब तक जो कुछ कहा, उसके डायरेक्टर सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद हैं। उन्होंने कहा, मानस तन मन है, मानस से संसार है, मानस को जो समझ न पाए उसका जीवन बेकार है। डिप्टी सीएम ने यह टिप्पणी बुधवार को शृंग्वेरपुर धाम में रामायण कॉन्क्लेव के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद प्रयागराज में संवाददाताओं के समक्ष की। सर्किट हाउस में हुई बातचीत में केशव ने कहा कि एक समय था, यह सभी रोजा इफ्तार तक सीमित रहते थे। भाजपा की सरकार आने का फर्क जनता देख रही है। विपक्षी दल के नेता खुद को श्रीकृष्ण का वंशज बता रहे हैं तो कभी रुद्राक्ष की माला पहनकर घूम रहे हैं। कांग्रेस द्वारा बीबीसी के पक्ष में दिए बयान पर डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जब तमाम झूठे आरोप लगे तो उन आरोपों में देश के सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें बरी किया। अब उस पर डाक्यूमेंट्री बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के अभाव में अब बीबीसी को अपना नेता मान रही है। नकल की राह उचित नहीं डिप्टी सीएम ने यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं भी दीं। परीक्षा में नकल रोकने के लिए सरकार ने सभी जरूरी कदम उठाए हैं। सभी का दायित्व है कि नियम कायदे का पालन करें। कानपुर की घटना को केशव ने बताया दुखदकानपुर में आग से मां–बेटी की मौत की घटना को डिप्टी सीएम ने दुखद बताया। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी गरीब के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही। विपक्ष जो सवाल उठा रहा है वह गुंडे माफिया को बचाने के लिए है। लोग भले ही इसे बुलडोजर नीति का परिणाम करार दे रहे हों, लेकिन सरकार



गरीबों के साथ है। इस घटना से मैं खुद दुखी हूं। सरकार ने भी शोक संवेदना जताई है। इस मामले हत्या सहित कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रयागराज से कोई भी कार्यालय नहीं होगा शिफ्ट डिप्टी सीएम ने प्रयागराज से क्षेत्रीय अभिलेखागार कार्यालय लखनऊ जाने के बारे में दो टूक कहा कि जो कार्यालय प्रयागराज में हैं वे सभी यहीं रहेंगे। प्रयागराज से कोई कार्यालय बाहर नहीं जाएगा। जो कार्यालय यहां से गए हैं वो भाजपा की पूर्व की सरकारों में गए हैं। प्रयागराज के रास्ते दिल्ली तक जाएगा जल मार्ग कुंभ मेले के विकास कार्यों का भी डिप्टी सीएम ने जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हल्दिया से वाराणसी तक आने वाला जलमार्ग प्रयागराज तक आएगा। प्रयास किया जाएगा कि मां यमुना के रास्ते इसे दिल्ली तक ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज ही नहीं, अयोध्या, चित्रकूट, वाराणसी सहित सभी जगह विकास कार्य हो रहे हैं। श्रीराम वन गमन और राम जानकी पथ पर हो रहा काम श्रीराम वनगमन पथ पर केशव ने कहा कि श्रीराम वन गमन और राम जानकी पथ पर काम हो रहा है। पीएम मोदी का विजन है कि जो भी श्रद्धालु अयोध्या जाएं वो भगवान राम की वनगमन लीला मार्ग पर भी जाएं। कहा कि भगवान राम ने शृंग्वेरपुर की धरती से ही त्रेतायुग में समरसता का संदेश दिया था।

# सीएमपी के पास प्रॉपर्टी डीलर को कार में मारी गोली : मकान के विवाद में घटना

प्रयागराज ब्यूरो : सीएमपी डिग्री कॉलेज के पास बुधवार को प्रॉपर्टी डीलर अनुज जायसवाल (40) को कार के भीतर गोली मार दी गई। उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत गंभीर बनी हुई है। बयान में उसने बहनोई व दो–तीन अज्ञात पर आरोप लगाया है। अनुज रामबाग चौराहे के पास रहता है और वहां उसका न्यू साक्षी होटल के नाम से लॉज है। बुधवार शाम चार बजे के करीब वह घर से मारुति 800 कार लेकर निकला। रात 7.30 बजे के करीब सीएमपी डॉट पुल के पास कार की ड्राइविंग सीट पर वह खून से लथपथ पड़ा मिला। एक राहगीर की नजर पड़ी तो वह भागकर थाने पहुंचा और सूचना दी। पुलिस ने अनुज को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने बताया कि गोली सीने में कंधे के ठीक नीचे बायीं ओर से पार हो गई है। उसकी जेब से आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान हो सकी। इलाज के दौरान ही अनुज ने पुलिस को नंबर बताया, जिस पर पत्नी को सूचना दी गई। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि घटना में उसका बहनोई प्रशांत श्रीवास्तव व दो–तीन अज्ञात शामिल थे। मकान को लेकर चल रहे विवाद में घटना अंजाम दी गई। जिसकी साजिश में बहन अंकिता भी शामिल है। पहले भी कर चुके हैं हमला कुछ देर बाद पत्नी शुभांगी भी मासूम बेटे को लेकर एसआरएन पहुंच गई। उसने पुलिस को बताया कि अंकिता उसके पति की तीन बहनों में से दूसरे नंबर की है। उसने प्रशांत श्रीवास्तव निवासी कीडगंज से प्रेम विवाह किया है। यह भी बताया कि दोनों खुद को अधिवक्ता बताते हैं और मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। विरोध पर उसके पति से खुन्नस रखते हैं। उसने यह भी आरोप लगाया कि पहले भी वह अनुज पर गोली चलवा चुके हैं। डाककर्मियों से विवाद में आया था नाम शुभांगी ने पुलिस को बताया कि



अंकिता व उसके पति प्रशांत का नाम बीते सात जनवरी को कचहरी डाकघर में हुए बवाल मामले में सामने आया था। इस मामले में उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। बता दें कि सात जनवरी को अधिवक्ताओं व डाककर्मियों के बीच विवाद के बाद जमकर बवाल हुआ था। मामले में दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस केस दर्ज कराया गया था। घायल ने बयान में जो नाम बताए हैं, उनकी तलाश की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। – दीपक भूकर, डीसीपी नगर घटनास्थल थाने से 100 मीटर दूर, पिकेट प्वाइंट भी प्रॉपर्टी डीलर को सीएमपी के पास जिस स्थान पर गोली मारी गई, वह शहर के व्यस्ततम मार्गों में से एक है। जार्जटाउन थाना यहां से 100 मीटर दूरी पर स्थित है। साथ ही चंद कदमों की दूरी पर पिकेट प्वाइंट है, जहां पीआरवी के जवान तैनात रहते हैं। सवाल है कि आखिर कैसे हमलावर प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारकर भाग निकले और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

# अयोध्या रामलला के स्वरूप आकार को लेकर मूर्तिकला विशेषज्ञ कर रहे मंथन

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर में लगाए जाने वाली बालक स्वरूप रामलला की अचल मूर्ति को लेकर पत्थरों की चयन प्रक्रिया चल रही है। नेपाल के काली गंडकी नदी से लाई गई देवशिला के बाद अब कर्नाटक के मैसूर से भी दो अलग–अलग तरह की शिलाएं अयोध्या पहुंची हैं। जिसमें एक श्याम रंग की है तो दूसरी अंदर से ग्रे कलर की है। इन दोनों को भी रामसेवक पुरम में देवशिलाओं के बगल में रखा गया है। जहां पर भक्तों की ओर से दर्शन पूजन किया जा रहा है। रामलला के स्वरूप आकार और प्रकार को लेकर मूर्तिकला के विशेषज्ञ लगातार मंथन कर रहे हैं। वहीं भगवान के विग्रह के लिए भी पवित्र शिलाओं के परीक्षण और चयन की प्रक्रिया साथ– साथ चल रही है। मंगलवार की देर शाम कर्नाटक के मैसूर से पूजित दो शिलाएं अयोध्या पहुंची हैं। विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज का दावा है कि देश के अन्य स्थानों से अभी और पत्थर आएंगे और सभी पत्थरों में सबसे बेहतर और उच्च गुणवत्ता वाले पत्थरों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया सभी पत्थरों का देव रूप में ही उपयोग किया जाएगा। कोई भी पत्थर वापस व अन्य स्थान के लिए नहीं जाएंगे। उन्होंने बताया कि दो देवशिला नेपाल के काली गंडकी नदी से लाई गई थी जो रामसेवक पुरम में रखी हैं। अब कर्नाटक के मैसूर से भी दो शिलाएं लाई गई हैं जिनको रामसेवक पुरम में रखा गया है। विशेषज्ञ मूर्तिकार इन पत्थरों का अपने मानक पर परीक्षण करके मूर्ति निर्माण के आगे की प्रक्रिया शुरू करेंगे। वहीं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने पहले जानकारी साझा की थी कि भारत में जहां–जहां भी इस तरह के पत्थर उपलब्ध हैं उन सब को मंगाया जा रहा है। मूर्तिकला के विशेषज्ञ ही तय करेंगे कि उस पत्थर से मूर्ति बन सकती है। जिसके बाद ही भगवान रामलला की मूर्ति का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## अयोध्या नगरी में आगामी चैत्र रामनवमी मेला 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।आगामी चैत्र रामनवमी मेला 2023 को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में दिनांक 16 फरवरी 2023 को सांय 03 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। मेला के दौरान कानून व्यवस्था आदि के बारे में पुलिस उप महानिरीक्षकध्वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज द्वारा की जा रही व्यवस्था तथा फोर्स की तैनाती आदि की जानकारी दी जायेगी। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी नगरध्मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने मेला की सम्पूर्ण व्यवस्था से जुड़े अधिकारियो को अपने विभाग के कार्ययोजना बिन्दुवार के साथ स्वंय बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये है। बैठक में नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीकारी डा. अजय राजा, प्रभागीय वनाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, रेजीडेन्ट मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी अयोध्या, पुलिस उपाधीक्षक अभिसूचना, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधीकारी, अधिशाषी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, निर्माण खण्ड–3 लोक निर्माण विभाग, सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा सहित सिचाई, बाढ़ खण्ड, नलकूप, जल निगम, परियोजना प्रबन्धक जल निगम, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम, अधिशाषी अभियन्ता अयोध्या विकास प्रधिकरण, स्टेशन अधीक्षक रेलवे स्टेशन अयोध्या कैन्ट एवं अयोध्या, थानाध्यक्ष जीआरपी अयोध्या, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबन्धक उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत छावनी परिषद, अध्यक्ष सुलभ इंटर नेशनल, उप निदेशक पर्यटन, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, उप निदेशक सूचना को बैठक में आमंत्रित किया गया है।

# दिव्यांगों की पेंशन 1000 से बढ़ाकर 1500 रुपये करने की चल रही है तैयारी –मंत्री

प्रयागराज ब्यूरो : दिव्यांग पेंशन की राशि एक हजार से बढ़कर 1500 रुपये की जाएगी। इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। दिव्यांगों को पहले 300 रुपये पेंशन मिलती थी, जिसे डेढ़ साल पहले 500 रुपये कर कर दिया गया था। इसके बाद पिछले जनवरी में यह राशि बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दी गई। मंत्री ने बताया कि अब इसे 1500 रुपये करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मंत्री ने बताया कि शादी अनुदान की राशि बढ़ाकर भी 51 हजार करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक में अफसरों का कहना था कि समाज कल्याण की योजना के तहत सामूहिक शादी पर 51 हजार रुपये दिए जाते हैं। जबकि, दिव्यांग विभाग की योजना के तहत वर और कन्या दोनों दिव्यांग हैं तो 35 हजार रुपये दिए जाते हैं। इसका नतीजा है कि पात्र इसके लिए आगे ही नहीं आ रहे। इस पर मंत्री ने बताया कि शादी अनुदान की राशि भी 51 हजार रुपये की जाएगी। अफसरों ने दुकान निर्माण के लिए 20 हजार के बजाय 50 हजार रुपये दिए जाने की बात कही। उन्होंने दुकान संचालन के लिए भी 10 हजार के बजाय 30 हजार रुपये की आर्थिक मदद दिए जाने की बात भी कही। इसके अलावा महंगाई को देखते हुए उपकरणों की कीमत



बढ़ाने की बात भी कही। इस पर मंत्री ने बताया कि इन बिंदुओं पर विचार किया जा रहा है। जल्द ही सकारात्मक घोषणाएं की जाएंगी। 20 मोटराइज्ड, 72 ट्राईसाइकिल का हुआ वितरण दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से आयोजित तीन दिनी कौशल प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम में बुधवार को राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने 20 पात्रों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित कीं। इसके अलावा 72 को ट्राईसाइकिल, पांच को एमआर किट, तीन को स्मार्ट केन तथा एक दिव्यांग को व्हीलचेयर वितरित की। दिव्यांगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर रामभद्राचार्य, योगेंद्र दुबे, उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग विनीता यादव, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी नंद किशोर याज्ञिक आदि मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यकों से शुरू होकर अब ब्राह्मणों पर चलने लगा है बुलडोजर –प्रमोद तिवारी

प्रयागराज ब्यूरो : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कानपुर देहात की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है यूपी की योगी सरकार अल्पसंख्यकों पर बुलडोजर चलाने के बाद अब ब्राह्मणों पर बुलडोजर चलवा रही है। कानपुर देहात की घटना इसका जीता जागता उदाहरण है। हम बुलडोजर की राजनीति के खिलाफ हैं। पहले बुलडोजर अल्पसंख्यकों पर चल रहा था, लेकिन अब इसकी दिशा ब्राह्मणों की तरफ हो गई है। इस मामले में अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह अघोषित तानाशाही का दौर चल रहा है। प्रमोद तिवारी बुधवार को सिविल लाइन स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अडानी के मामले में हम सिर्फ जेपीसी की मांग कर रहे हैं। नियमानुसार संसद में जिस दल की जितनी संख्या होती है, जेपीसी में उतने अधिक सदस्य उसी पार्टी के रहते हैं। जाहिर है भाजपा पूर्ण बहुमत में है तो जेपीसी में उसके सदस्य भी ज्यादा रहेंगे, तब फिर क्यों सरकार जेपीसी का गठन करने से डर रही है। उन्होंने बीबीसी मामले में



सरकार को घेरा कहा कि यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। इसका समय गलत है। सरकार मीडिया को अपने दबाव में लेकर अपने हिसाब से चलाना चाहती है। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर का प्रतीकात्मक पुतला भी दहन किया और प्रदर्शन कर केंद्र और योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## फ्लिपकार्ट ऑफिस को चोरों ने बनाया निशाना

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर बाजार स्थित शैडोफैक्स टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के फ्रेंचाइजी ऑफिस का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, लैपटॉप, इनवर्टर सहित सामानों के पैकेट पार कर दिए हैं। घटना की जानकारी के बाद पीड़ित फ्रेंचाइजी संचालक ने इनायत नगर पुलिस को मामले में मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी है। हालांकि पुलिस ने मुकदमा कायम करना तो दूर मौके तक पहुंचने की जहमत तक नहीं मोल ली है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र के शिव नगर पारा ताजपुर हैरिंग्टनगज निवासी कुशलेश पांडे पुत्र मनोज पांडे ने इनायतनगर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि उनके द्वारा शैडोफैक्स टेक प्राइवेट लिमिटेड की फ्रेंचाइजी ली गई है। उन्होंने अपना फ्रेंचाइजी ऑफिस मिल्कीपुर बाजार से ईट गांव रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय के आज खोल रखा है। उनका आरोप है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके ऑफिस/ कार्यालय में लगा ताला काट दिया और ऑफिस में रखे 20 हजार 8 सौ 25 रुपए नकद एवं फ्लिपकार्ट की 100 पैकेट लैपटॉप इनवर्टर उठा ले गए। घटना की जानकारी बुधवार को सुबह कार्यालय पहुंचने के बाद हुई। उन्होंने काफी खोजबीन भी की। अंततः थक हार कर वह शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर इनायत नगर थाने पहुंचे और मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी। बता दें कि इसी फ्रेंचाइजी कार्यालय से चंद कदम दूरी मिल्कीपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह के बैंक फ्रेंचाइजी कार्यालय को भी चोरों ने 1 माह पूर्व अपना निशाना बनाया था। चोरों ने फ्रेंचाइजी कार्यालय में रखे लैपटॉप एवं नकदी पार कर दिए थे। जिसमें भी पुलिस ने काफी जद्दोजहद के बाद एफआईआर तो दर्ज की थी, किंतु आज तक चोरी की वारदात का खुलासा इनायत नगर पुलिस नहीं कर सकी है। इस तरह से ताबड़तोड़ घट रही चोरी की बड़ी वारदातों के बाद क्षेत्र में भय एवं आतंक व्याप्त हो गया है।

# सीडीओ ने पूरा ब्लाक के तीन गांवों का किया निरीक्षण

अयोध्या (जिला संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने बुधवार को पूरा ब्लॉक क्षेत्र के तीन गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान काम देख कहीं तारीफ तो कहीं फटकार लगाई। मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव ने ग्राम पंचायत मोहतसिमपुर स्थित पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। पंचायत भवन और शौचालय की साफ–सफाई पर संतुष्ट रहीं लेकिन पंचायत भवन की बाउंड्री टूटी होने व अतिक्रमण को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उप जिलाधिकारी सदर को तत्काल टीम गठित कर पंचायत भवन की भूमि को सुरक्षित करने का निर्देश दिया। हल्का लेखपाल ज्योति ओझा व प्रधान अनूप वर्मा को पंचायत भवन की जमीन से सटे सह खाताधारकों को सूचित करने के लिए निर्देशित किया। ग्राम पंचायत रामपुर सरधा में जल संरक्षण के लिए बनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग और शोक पिट को देखकर प्रधान और सचिव की तारीफ की। मनरेगा मजदूरों की संख्या कम होने पर रामपुर सरधा के रोजगार सेवक स्वतंत्र कुमार को फटकार लगाई और मजदूरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत शांतिपुर में पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी मनीष मौर्य, बाल विकास परियोजना अधिकारी रवि श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत धनजीत, सचिव कोमल मिश्रा, अविनाश सिंह, रवि सिंह, नितिन सिंह व रतीपल मौजूद रहे।

## मंगलनगर के पास पैदल जा रहे व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर : मौके पर हुई मौत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा) मंगलनगर के पास गुरुवार को सडक पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को पीछे से आ रही कार ने ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।स्थानीय लोगों ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र राम रूप के सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच व कार्रवाई शुरू की । थाना क्षेत्र खरगूपुर के ग्राम पंचायत मंगलनगर के मजरा बरईनपुरवा के निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र रामानन्द अपने घर से पैदल मंगलनगर चौराहे पर किसी काम के लिए गए हुए थे। वहीं से वापस आते समय गोंडा बहराइच मार्ग के दुमचीपुर मंगलनगर के पास पहुंचे ही थे कि गोंडा से बहराइच की तरफ जा रही अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व परिजन को देते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए ।जहां पर तैनात चिकित्सक डॉ अजय यादव ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । मृतक के पुत्र राम रूप ने खरगूपुर पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर अज्ञात वाहन चालक पर तेज व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए ठोकर मार देने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना खरगूपुर अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच व कार्रवाई शुरू की गई ।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।